आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 302 | उज्जैन, रविवार 21 सितम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# दूध उत्पादन में मध्यप्रदेश को बनायेंगे अग्रणी-मुख्यमंत्री

## रसुल्ला का हाईस्कूल प्रोन्नत होगा हायर सेकंडरी स्कूल में और बनेगा खेल परिसर



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास की रफ्तार किसी भी हाल में थमेगी नहीं। सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में अभी मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है। हम दूध उत्पादन में मध्यप्रदेश को देश में पहले स्थान पर लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ. आंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत पशुपालकों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके तहत 25 से अधिक गाय पालने वाले गोपालकों को 10 लाख रूपये तक का अनुदान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अशोकनगर जिले के मुंगावली विधानसभा के ग्राम रसुल्ला में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में ग्राम रसुल्ला के समाजसेवी स्व. श्री रघुवीर सिंह यादव की स्मृति में आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पशुपालकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में गाय पालन करें और दूध, दही, मक्खन सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी कर सरकार की अनुदान योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों एवं परम्पराओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। दशहरे पर शस्त्रपूजन पूरे प्रदेश के शस्त्रागारों में किया जाएगा। इसी तरह दीपावली में गोवर्धन पूजा भी की जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के लीला स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीराम के चरणों के पड़ावों को राम वन गमन पथ के रूप में सजाया-संवारा जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेशभर में गीता भवन बनाए जाएंगे तथा श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत घर-घर जल पहुंचाया जा रहा है।

## पूर्व IAS पूजा खेडकर के परिवार का बॉडीगार्ड गिरफ्तार, ट्रक ड्राइवर की किडनैपिंग से जुड़े हैं तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व IAS अधिकारी पूजा खेड़कर पिछले काफी समय से गलत वजहों को लेकर चर्चा में हैं। वहीं, अब उनके परिवार के बॉडीगार्ड को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार की रात बॉडीगार्ड को महाराष्ट्र के धुले से हिरासत लिया है।

पूजा खेड़कर के परिवार का बॉडीगार्ड और ड्राइवर प्रफुल सालुंखे पर एक ट्रक ड्राइवर की किडनैपिंग का आरोप है। पुलिस ने प्रफुल को नवी मुंबई की बेलापुर कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने उसे 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। वहीं , पूजा खेड्कर के माता-पिता दिलीप और मनोरमा अभी तक लापता हैं।

दरअसल कुछ दिन पहले मुंबई में एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी थी। ऐसे में कार में बैठे लोगों ने ट्रक के ड्राइवर को किडनैप कर लिया था। कई दिनों की जांच पड़ताल के बाद कार पुणे स्थित पूजा खेडकर के घर में मिली। वहीं, जब पुलिस लापता ट्रक ड्राइवर प्रह्लाद कुमार की तलाश में पूजा खेड़कर के घर पहुंची, तो उनकी मां मनोरमा ने कई घंटों तक दरवाजा नहीं खोला। जब पुलिस जबरन घर में घुसी तो लापता ड्राइवर वहीं मिला। पुलिस ने चतुरश्रृंगी पुलिस स्टेशन में किडनैपिंग का केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने पूजा खेड़कर के परिवार के बॉडीगार्ड को हिरासत में ले लिया है।

## जयपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा में चूक, कई फीट ऊंची दीवार कूदकर फरार हुए कैदी; प्रशासन पर उठे सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। जयपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जयपुर की सेंट्रल जेल की ऊंची दीवारें फांदकर दो कैदी तड़के फरार हो गए। जेल से फरार होने के दोनों कैदियों ने ऐसा तरीका आजमाया कि जेल प्रशासन भी हैरान रह गया।

दरअसल, जेल से फरार हुए दोनों कैदियों की पहचान अनीस उर्फ दानिश और नवल किशोर के तौर पर हुई है। ये दोनों कैदी केवल चार से पांच दिनों के लिए इस सेंट्रल जेल में थे। अब पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जेल प्रशासन पर उठे सवाल- जेल से कैदियों के भागने के बाद पूरा जेल प्रशासन सवालों के घेरे में आ गया है। जानकारी के अनुसार, जो कैदी फरार हुए हैं, वह जेल के 13 नंबर के बैरक में थे। बताया जा रहा है कि दोनों कैदी जेल की दीवार कूदकर भागे हैं।

इस पूरे मामले पर एडीजी (जेल) रूपेंद्र सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि आज सुबह करीब 3:30 बजे, दो कैदी, अनीस उर्फ दानिश और नवल किशोर, जो केवल चार से पांच दिनों के लिए जयपुर सेंट्रल जेल में थे वह फरार हो गए।

## जोधपुर के नवनिर्मित स्वामिनारायण मंदिर में महंत स्वामी महाराज का आगमन, हजारों श्रद्धालु भक्त मंदिर में उमड़े



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के वर्तमान प्रमुख व आध्यात्मिक गुरु विश्ववंदनीय संत ब्रह्मस्वरूप महंतस्वामी महाराज शुक्रवार शाम को जोधपुर पहुंचे। अमेरिका के अक्षरधाम मंदिर और आबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के निर्माता महंत स्वामीजी महाराज 25 सितंबर को बीएपीएस के जोधपुर स्वामिनारायण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न करेंगे। उनके स्वागत में हजारों श्रद्धालु उमड़े।

19 सितंबर से 28 सितंबर तक चलने वाले इस मंदिर महोत्सव कार्यक्रम में राजस्थान और भारत के अलग अलग राज्यों से आए हुए लोगों के साथ साथ अमेरिका, यूरोप, अफ्रिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे महाद्वीपों से भी लोग बड़ी संख्या में भाग लें रहे हैं। जिसमें 23 और 24 सितंबर को स्वामीजी की अध्यक्षता में विश्वशांति महायाग होने वाला है। वहीं 24 सितंबर को दोपहर 2 बजे से भव्य नगर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। इस भव्य शोभा यात्रा में सनातन सांस्कृतिक 66 जितनी विविध सुंदर झांकियां देखने को मिलेंगी। 25 सितंबर को विधिवत मूर्ति प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा और सायंकाल लोकार्पण समारोह होगा।

2018 में शुरू हुआ था मंदिर का निर्माण - गौरतलब है कि यह संस्था का पहला मंदिर है जिसका निर्माण जोधपुरी छित्तर पत्थरों से हुआ है। मंदिर का आरम्भ 2018 में हुआ था। 42 बीघा परिसर की जमीन पर बने इस मंदिर में पांच भव्य शिखर, 281 भव्य कलात्मक स्तंभ, 151 संतों, भक्तों, पार्षदों, अवतारों की शिल्प प्रतिमाएं है।

## माओवादी संगठन में पहली बार शीर्ष स्तर पर फूट, हथियार डालने की घोषणा से आई दरार



नई दिल्ली (एजेंसी)। माओवादी संगठन में पहली बार शीर्ष स्तर पर फूट खुलकर सामने आई है। संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय उर्फ भूपति ने हाल ही में एक आधिकारिक पत्र जारी कर एक माह के लिए संघर्ष विराम की घोषणा की और शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा।

उन्होंने पत्र में स्वीकार किया कि हथियार उठाना संगठन की सबसे बड़ी भूल थी और इसके लिए जनता से माफी भी मांगी। इस घोषणा के बाद अधीनस्थ तेलंगाना स्टेट कमेटी ने तुरंत पत्र जारी कर इसे प्रवक्ता की निजी राय बताते हुए खारिज कर दिया है।

समिति के प्रतिनिधि जगन ने स्पष्ट किया कि यह पार्टी का आधिकारिक निर्णय नहीं है और इससे संगठन में अनावश्यक भ्रम और अस्थिरता फैल रही है। यह पहली बार है जब केंद्रीय समिति के प्रवक्ता की ओर से जारी घोषणा का अधीनस्थ इकाई ने सार्वजनिक रूप से विरोध किया है।

माओवादी संगठन की यह आंतरिक खींचतान ऐसे समय में उजागर हुई है जब लगातार नेतृत्व हानि और सुरक्षा बलों की कार्रवाइयों से संगठन कमजोर हो चुका है। 21 मई को एक बड़े हमले में महासचिव समेत 28 कैडर मारे गए। इसके बाद कई बड़े नेता मारे गए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि मार्च 2026 तक माओवादियों का खात्मा किया जाएगा। सुरक्षा बल अब मजबूत स्थिति में हैं और माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में गहरी पैठ बना चुके हैं।

## 100 रुपये की रिश्वत मामले में 40 साल लगाए कोर्ट के चक्कर



नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के एक फैसले ने यह सिद्ध किया है कि न्याय मिलने में देर हो सकती है, लेकिन सत्य को छिपाया नहीं जा सकता है। दरअसल, 39 साल पुराने एक मामले में एक व्यक्ति को कोर्ट ने राहत दे दी है।

पूरा मामला 100 रुपये के रिश्वत से जुड़ा है। जहां निचले अदालत से सजा पाए व्यक्ति को हाईकोर्ट ने राहत दे दी। कोर्ट ने निचली अदालत से मिली सजा को भी समाप्त कर दिया और कहा कि रिश्वत मांगने का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, इस कारण व्यक्ति को बरी किया जा रहा है।

# सबको पता है आतंकियों व पाकिस्तानी सेना का गठजोड़, पाक सरकार पर भारत का करारा हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा आतंकियों के हालिया वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रणधीर जायसवाल ने कहा, आतंकवाद के मामलों में हम रुख स्पष्ट है कि दुनिया को पता है कि आतंकियों, पाकिस्तानी सरकार तथा वहां की सेना के बीच गठजोड़ है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान इसे और भी ज्यादा स्पष्ट कर देते हैं। साथ ही याद दिलाया कि किस प्रकार पाकिस्तान अभी भी आतंकवाद का गढ़ बना हुआ है।

आतंकवादियों से पाक सेना का गठजोड़- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इन संदेशों से इस्लामाबाद के आतंकवादी समूहों के साथ संबंधों का खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा, दुनिया आतंकवादियों और पाकिस्तानी सरकार एवं सेना के बीच गठजोड़ से अवगत है।

जायसवाल ने अपने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि इस तरह के बयान इसे और भी स्पष्ट कर देते हैं, इसलिए, हम उन दृश्यों को इसी तरह देखते हैं, जिनके बारे में आपने बात की।

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर कई कथित वीडियो संदेश प्रसारित हुए हैं, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद के नेता लोगों को भारत के खिलाफ जिहाद के लिए आतंकवादी समूह में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते नजर आ रहे हैं। कुछ वीडियो में जैश-ए-मोहम्मद के नेताओं ने आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर भारत के सैन्य हमलों के प्रभाव के बारे में भी बात की।

वायरल हुए एक वीडियो जैश कमांडर ने कही थी ये बात- गुरुवार को वायरल हुए एक वीडियो में जैश कमांडर इलियास कश्मीरी ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने बहावलपुर के कोर कमांडर और सैनिकों को सीधे आदेश दिया था कि वे 7 मई को जैश मुख्यालय पर भारतीय मिसाइल हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल हों।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया।

# यूरोप के बड़े हवाई अड्डों पर साइबर अटैक, हीथ्रो और ब्रूसेल्स समेत कई एयरपोर्ट पर उड़ानें बंद



नई दिल्ली (एजेंसी)। चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम संभालने वाली एक कंपनी पर हुए साइबर हमले ने यूरोप के कई प्रमुख हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित कर दिया है, जिनमें महाद्वीप का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा लंदन का हीथ्रो भी शामिल है। इससे शनिवार को उड़ानों में देरी हुई और कई उड़ानें रद्द भी हुईं।

कोलिन्स एयरोस्पेस दुनिया भर के हवाई अड्डों पर कई एयरलाइनों के लिए सिस्टम देती है और इसमें एक तकनीकी समस्या आ रही है जिससे प्रस्थान करने वाले यात्रियों को देरी हो सकती है, जिसके बाद हीथ्रो हवाई अड्डे ने देरी की चेतावनी दी थी। ब्रूसेल्स हवाई अड्डा और बर्लिन हवाई अड्डा भी अलग-अलग बयानों में इस हमले से प्रभावित हुए हैं।


चेक-इन करने में आ रही समस्या- कोलिन्स एयरोस्पेस की मूल कंपनी आरटीएक्स ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि उसे चुनिंदा हवाई अड्डों पर अपने सॉफ्टवेयर में साइबर संबंधी व्यवधान के बारे में पता चला है। इलेक्ट्रॉनिक चेक-इन प्रभावित आरटीएक्स ने एक ईमेल बयान में कहा, इसका प्रभाव इलेक्ट्रॉनिक ग्राहक चेक-इन और सामान छोड़ने तक सीमित है और इसे मैन्युअल चेक-इन प्रक्रियाओं से कम किया जा सकता है। साथ ही यह भी कहा कि वे इस समस्या को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए काम कर रहे हैं।

ब्रूसेल्स हवाई अड्डे ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि इस हमले के कारण स्वचालित प्रणालियां निष्क्रिय हो गई हैं, और केवल मैन्युअल चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया ही संभव है। यह भी बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को हुई थी।

अब तक इतनी उड़ानें हो चुकी हैं प्रभावित- आगे कहा गया, इसका उड़ान कार्यक्रम पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा और दुर्भाग्य से देरी और रद्दीकरण का कारण बनेगा। हवाई अड्डे ने कहा कि अब तक 10 उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं और सभी प्रस्थान उड़ानों में औसतन एक घंटे की देरी हुई है। प्रभावित हवाई अड्डों ने शनिवार को उड़ान भरने वाले यात्रियों को सलाह दी है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले एयरलाइनों से अपनी यात्रा की पुष्टि कर लें।

बर्लिन हवाई अड्डे ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि चेक-इन के लिए प्रतीक्षा समय लंबा हो गया है और वह एक त्वरित समाधान पर काम कर रहा है।

# मैं जो सिखा रही हूं वो लीगल है..., अमेरिकी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर का वीडियो हुआ था वायरल; अब हेड को देना पड़ गया इस्तीफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में जेंडर को लेकर चल रही लड़ाई एक बार फिर तूल पकड़ने लगी है। ट्रांसजेंडर शिक्षा को लेकर अमेरिका की टेक्सस यूनिवर्सिटी में बहस छिड़ गई है। ट्रंप प्रशासन की सीधी दखलअंदाजी के बाद विश्वविद्यालय के हेड मार्क वेल्श ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने ट्रांसजेंडर शिक्षा को लेकर Texas A&M विश्वविद्यालय पर निशाना साधना शुरू कर दिया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ग्लेन हेगर ने भी वेल्श के इस्तीफे को गलत करार दिया है।

हेगर के अनुसार, प्रेसिडेंट वेल्श एक सम्मानित व्यक्ति थे, जिन्होंने विश्वविद्यालय को ऊंचाईयों पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

क्या है पूरा मामला - दरअसल कुछ समय पहले टेक्सस यूनिवर्सिटी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें जेंडर की विचारधारा को लेकर एक प्रोफेसर और शिक्षक में बहस छिड़ गई थी। यह वीडियो विश्वविद्यालय की क्लास का था। इस वीडियो में छात्र प्रोसेफर से कहती है- मुझे नहीं पता कि यह (ट्रांसजेंडर शिक्षा) पढ़ाना वैध है कि नहीं, क्योंकि हमारे राष्टपति के अनुसार, सिर्फ 2 ही जेंडर (पुरुष और स्त्री) होते हैं। राष्टपति के कानून और मेरे धार्मिक विचारों के खिलाफ मैं किसी चीज को बढ़ावा नहीं देना चाहूंगा।

छात्रा की इस बात पर प्रोफेसर भड़क गईं और उन्होंने कहा कि मैं कुछ भी अवैध नहीं पढ़ा रही हूं। अगर तुम्हें कक्षा में असहज महसूस हो रहा है, तो तुम बाहर जा सकते हो।

वेल्श ने पद से दिया इस्तीफा- टेक्सस विश्वविद्यालय का यह वीडियो शेयर करते हुए अमेरिकी सांसद ब्रियान हैरिसन ने राज्यपाल ग्रेग अबॉट से प्रोफेसर और वेल्श को निलंबित करने की मांग की थी।हैरिसन की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए वेल्श ने प्रोफेसर को निकालने से साफ इनकार कर दिया।

## अफगानिस्तान के बरगाम एयरबेस पर फिर कब्जे की तैयारी में अमेरिका, ट्रंप बोले- छोड़ना ही नहीं चाहिए था




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह बरगाम एयरबेस पर फिर से वापस पाने के लिए अफगानिस्तान से बात कर रहे हैं। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि हमें इसे कभी छोड़ना नहीं चाहिए था।

राष्टपति ट्रंप ने ये टिप्पणी ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका 11 सितंबर, 2001 के हमलों के बाद अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए बेस पर नियंत्रण वापस पाने की कोशिश कर रहा है। साल 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद तालिबान ने बरगाम एयर बेस पर कब्जा कर लिया।

अफगानिस्तान ने जताया विरोध वहीं, अफगानिस्तान के अधिकारियों ने अमेरिकी की बरगाम एयर बेस पर वापसी की कोशिशों का विरोध किया है। अफगानिस्तान और अमेरिका को बातचीत की जरुरत- अफगान विदेश मंत्रालय के अधिकारी जाकिर जलाल ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अफगानिस्तान और अमेरिका को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने की जरूरत है। वो भी बिना अमेरिका की अफगानिस्तान के किसी भी हिस्से में कोई सैन्य उपस्थिति बनाए रखने के।

# अमेरिका में क्यों गिर रहा है युवाओं का क्रेडिट स्कोर



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में युवाओं के क्रेडिट स्कोर पर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 20 साल से कम आयु वाले युवाओं का क्रेडिट स्कोर तेजी से कम हो रहा है और इसके पीछे की बड़ी वजह एजुकेशन लोन है।

क्रेडिट एजेंसी फिको की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2024 की तुलना में अप्रैल 2025 में अमेरिकी युवाओं के क्रेडिट स्कोर में 3 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जिसके साथ ही यह 676 पर पहुंच गया है।

फिको की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युवा समय पर एजुकेशन लोन की किश्तें नहीं चुका पा रहे हैं, जिससे स्कोर में तीन अंकों की गिरावट आ गई है। इसे सुधारने में 1 साल तक का समय लग सकता है।

क्या कहता है कानून- न्यूयॉर्क रिजर्व बैंक के अनुसार, समय पर एजुकेशन लोन न चुकाने पर क्रेडिट स्कोर 150 अंकों तक गिर सकता है। इससे इन युवाओं के लिए क्रेडिट कार्ड लेना मुश्किल हो जाएगा।

# 24 घंटे में US वापस लौटो, H-1B वीजा होल्डर्स को अमेजन, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट ने भेजा ईमेल



नई दिल्ली (एजेंसी)। H1-B वीजा पर डोनाल्ड ट्रंप के नए एलान के बाद अमेरिका में हड़कंप मच गया है। खासकर मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसी दिग्गज टेक कंपनियां अपने कर्मचारियों से देश न छोड़ने की अपील कर रही हैं। शनिवार की सुबह ट्रंप के द्वारा H1-B वीजा की फीस बढ़ाने के बाद मेटा और माइक्रोसॉफ्ट ने 14 दिन तक अमेरिका से बाहर न जाने की बात कही है।

मेटा और माइक्रोसॉफ्ट ने अमेरिका से बाहर रह रहे सभी कर्मचारियों को ईमेल भेजा है। इसमें सभी से 24 घंटे के भीतर अमेरिका वापस लौटने की अपील की गई है। साथ ही H1-B वीजा धारकों को 14 दिन तक देश से बाहर न जाने के लिए कहा गया है।

मेटा-माइक्रोसॉफ्ट ने जारी किया नोटिस- ईमेल में विदेशी कर्मचारियों के लिए नोटिस जारी की गई है। मेटा ने H1-B वीजा और H4 वीजा धारकों को 24 घंटे के भीतर अमेरिका वापस आने के लिए कहा है। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि कंपनी के H1-B वीजा धारक लोग 14 दिन तक देश से बाहर न जाएं, वरना उन्हें वापस लौटने में परेशानी हो सकती है।

अमेजन ने भी भेजा नोटिस- अमेरिका में सबसे अधिक H1-B वीजा धारक अमेजन कंपनी में हैं। रायटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन ने सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुए कहा-

अगर आपके पास H1-B वीजा है, तो अभी के लिए अमेरिका में ही रहें।

H1-B वीजा पर ट्रंप का आदेश- बता दें कि अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए H1-B वीजा की फीस 1 लाख डॉलर (लगभग 90 लाख रुपये) तक बढ़ा दी है।

# क्या रूस ने सचमुच एस्टोनिया में भेजे थे लड़ाकू विमान? नाटो के दावे पर रूसी रक्षा मंत्रालय ने दिया जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। नाटो देश एस्टोनिया की सरकार ने दावा किया है कि रूस ने एयरस्पेस का उल्लंघन करते हुए अपना लड़ाकू विमान एस्टोनिया में भेजा था। इस खबर से पूरे यूरोप में सनसनी फैल गई। हालांकि, अब रूस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने एस्टोनिया के आरोपों से इनकार किया है। रूस के अनुसार, एस्टोनिया के एयरस्पेस का उल्लंघन नहीं हुआ है। लड़ाकू विमान ने बालटिक सागर के न्यूट्रल वॉटर पर उड़ान भरी थी।


रूस ने क्या कहा- रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, विमानों ने एयरस्पेस से जुड़े अंतरराष्टीय नियमों को ध्यान में रखते हुए उड़ान भरी थी। किसी देश की सीमा का उल्लंघन नगी किया गया है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा- उड़ान के दौरान रूसी एयरक्राफ्ट अपने तय रास्ते से ही गुजरे हैं और उन्होंने एस्टोनिया के एयरस्पेस का उल्लंघन नहीं किया है।

एस्टोनिया का दावा- नाटो देश एस्टोनिया ने दावा किया था कि रूसी सेना के 3 लड़ाकू विमानों ने एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। यह विमान 12 मिनट तक एस्टोनिया के एयरस्पेस में मंडराते रहे। यह घटना पोलैंड के एयरस्पेस में 20 रूसी ड्रोन की एंट्री से कुछ हफ्तों बाद ही देखने को मिली है।

रूस ने दी सफाई- हालांकि रूस क कहना है कि लड़ाकू विमानों ने कैलिनिनग्राद के उत्तरी-पश्चिमी इलाके से उड़ान भरी थी। यह विमान बालटिस सागर में एस्टोनिया के आईलैंड वैंडलू की सीमा से 3 किलोमीटर दूरी पर उड़ रहे थे, जो एक न्यूट्रल वॉटर है।

# TCS या Infosys नहीं, इस कंपनी में सबसे अधिक H-1B वीजा वाले कर्मचारी; ट्रंप के एक फैसले ने बढ़ा दी टेंशन




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने फैसले से दुनिया को चौंका दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया जाएगा। इसका सीधा असर उन लोगों पर पड़ेगा, जो काम या नौकरी के सिलसिले में अमेरिका जाते हैं।

ट्रंप के इस फैसले का असर भारतीय नागरिकों पर भी देखने को मिलेगा। चूंकि ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के बाद विदेशी कर्मचारियों के लिए ॥1-क्कवीजा हासिल करने के लिए, अमेरिकी टेक कंपनियों को अब सरकार को 1,00,000 डॉलर का भुगतान करना होगा। अब इससे बचने के लिए अमेरिकी टेक कंपनियां अमेरिकी प्रतिभाओं को नियुक्त करेंगी। जिससे विदेशी नागरिकों को इन कंपनियों में नौकरी पाना थोड़ा मुश्किल होगा।

क्या बोले अमेरिकी वाणिज्य मंत्री- एचटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन के इस फैसले को लेकर अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस कदम से अमेरिकी कंपनियां अधिक अमेरिकी प्रतिभाओं को नियुक्त करेंगी और कम मूल्यवान विदेशी कर्मचारियों को उनके देश वापस भेज देंगी।

सबसे अधिक विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने वाली कंपनियां- इन सब के बीच इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि वे कौन सी टेक कंपनियां हैं, सबसे अधिक संख्या में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करती हैं। वहीं, अब ट्रंप के नए फैसले से उन्हें एच1-बी वीजा हासिल करने के लिए भारी भरकम रकम चुकानी पड़ेगी?

# परिवार का खर्चा नहीं उठा सकते तो इतनी शादियां क्यों करते हो...




नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है तो इसे दूसरी या तीसरी शादी करने का कोई हक नहीं है। यहां तक की मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत भी।

कोर्ट ने ये टिप्पणी 39 साल की महिला की याचिका पर सुनवाई को दौरान की जब उसने कोर्ट में अपने पति से 10 हजार रुपए मासिक गुजारा भत्ता मांगने के लिए याचिका दायर की, जो कि भीख मांगकर गुजारा करता है।

महिला ने आरोप लगाया कि उसका 46 वर्षीय नेत्रहीन पति भीख मांगकर अपना जीवन यापन करता है, उसे छोड़कर पहली पत्नी के साथ रह रहा है और अब तीसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। इससे पहले याचिकाकर्ता ने एक पारिवारिक न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसने उसकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि जो खुद भीख मांगकर गुजारा कर रहा है, उसको गुजारा भत्ता देने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि यह सच है कि प्रतिवादी मुस्लिम समुदाय से है और वह अपने पारंपरिक कानून का लाभ उठा रहा है, जो उसके अनुसार उसे दो या तीन बार शादी करने की अनुमति देता है। जो व्यक्ति दूसरी या तीसरी पत्नी का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है, वह मुसलमानों के पारंपरिक कानून के अनुसार भी दोबारा शादी नहीं कर सकता।

अदालत ने आगे कहा कि उस व्यक्ति की लगातार शादियां, जब वह केवल एक भिखारी था, मुस्लिम प्रथागत कानून के तहत भी स्वीकार नहीं की जा सकतीं।

## सांप के काटने से गुस्साए युवक ने दांत से काट दिया उसका सिर, बिस्तर में रखकर सोया



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। यहां पर एक इंसान ने जहरीले सांप को ही काट लिया। बताया जाता है कि सांप ने उस व्यक्ति को काटा था, जिससे बदला लेने के लिए उसने ऐसा किया।

दरअसल, नशे में धुत वेंकटेश को घर लौटने के दौरान एक सांप ने काट लिया। कथित तौर पर वह शराब के नशे में धुत था। अचानक हुई इस घटना में, उसने तुरंत सांप को पकड़ लिया और उसका सिर काट दिया।

एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय लोगों का कहना है कि वेंकटेश ने सांप को मारने के बाद उसे घर ले गया और उसे अपने पास रखकर सो गया।

आधी रात के करीब वेंकटेश की तबीयत अचानक खराब होने लगी। इसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसको श्रीकालहस्ती क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर वेंकटेश का उपचार शुरू किया गया।

वर्तमान में वेंकटेश की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को सुबह उसे उन्नत उपचार के लिए तिरुपति रुइया अस्पताल ले जाया गया। जहां पर अभी उपचार चल रहा है।

## नौकरी पर जाने से रोका, तो पत्नी ने पति पर फेंका खौलता तेल; तमिलनाडु में हैरान करने वाला मामला



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के कुड्डालोर से एक हैरान कर देने वाला प्रकरण प्रकाश में आया है। यहां पर कट्टुमन्नारकोइल के पास एक पति पत्नी के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने अपने पति पर खौलता हुआ तेल फेंक दिया।

दरअसल, दंपती के बीच ये विवाद नौकरी को लेकर शुरू हुआ। पुलिस ने इस मामले में महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचना दिव्या भारती के रूप में हुई है वहीं, उसके पति का नाम सी कन्नन है।

दंपती के बीच किस बात को लेकर विवाद

टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने आरोप लगाया है कि उनके कन्नन अपनी पत्नी को काम पर जाने देने की अनुमति नहीं दिए। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और महिला ने अपने पति पर खौलता तेल फेंक दिया।

अब पति ने अपनी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि दंपती के बीच अक्सर किसी-न किसी बात को लेकर झगड़ा होता था। कहा जा रहा है कि बोरवेल खोदने वाली इकाई चलाने वाले कन्नन को अपनी पत्नी के पास की चावल मिल में काम करने पर आपत्ति थी।

बुधवार को भी इसी तरीके से दंपती के बीच विवाद हुआ। इसके बाद कन्नन सोने चला गया। इस दौरान खाना बना रही पत्नी ने उबलते तेल को अपने पति के दोनों पैरों पर डाल दिया।

# तीन साल तक नहीं चलाओगे फेसबुक और इंस्टा... HC ने कड़ी शर्त के साथ दी जमानत



नई दिल्ली (एजेंसी)। आज के समय में सोशल मीडिया का क्रेज काफी बढ़ गया है। इसी से जुड़ा एक हैरान कर देने वाला मामला राजस्थान से सामने आया है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग से जुड़े मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक अनोखा फैसला दिया है। दरअसल, एक युवक ने एक फेक अकाउंट बनाकर 23 साल की विवाहिता की फोटो को एडिट कर वायरल कर दिया। यह मामला अदालत पहुंचा। सुनवाई के दौरान युवक को जमानत देते हुए कोर्ट ने शर्त रखी कि वह अगले तीन साल सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करेगा। इसके अलावा उसे पीड़िता की तस्वीर को डिलीट भी करना होगा।

बता दें कि इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अशोक जैन ने ये आदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवक जमानत मिलने के बाद तीन साल तक किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल नहीं करेगा। वहीं, पीड़िता या उसके परिवार के साथ भी उसे किसी प्रकार का कोई संपर्क नहीं रखना होगा। अदालत ने युवक को तुरंत सभी प्रकार की फोटो को डिलीट करने का आदेश भी दिया।

इस मामले में वकील गिरीश खंडेलवाल ने बताया कि जस्टिस अशोक जैन ने स्पष्ट किया कि युवक इस संबंध में एक शपथ पत्र भी देन होगा कि उसके पास पीड़िता की कोई फोटो या वीडियो नहीं है। वहीं, अगर जमानत की शर्तों का उल्लंघन अगर उसने किया तो उसकी जमानत स्वतः रद हो जाएगी और उसको फिर से जेल जाना होगा।

इस मामले को लेकर एक सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि युवक ने फर्जी अकाउंट से विवाहिता की फोटो को शेयर किया और उसके वैवाहिक जीवन को प्रभावित करने की कोशिश की। इस स्थिति में युवक बिना शर्त के जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

# समुद्र की गहराई में बिछे महीन तारों से जुड़ती है दुनिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंटरनेट हमारे और आपके जीवन के अहम हिस्सा बन गया है, थोड़ी देर के लिए भी इंटरनेट की कनेक्टिविटी में रुकावट हमें परेशान कर देती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये इंटरनेट आपके मोबाइल और कंप्यूटर तक कैसे पहुंचता है?

बता दें कि इंटरनेट हवा में नहीं तैरता बल्कि समुद्र में बिछे गहरे महीन तारों पर दौड़ता है। यही महीन तार पूरी दुनिया को आपस में जोड़ते हैं लेकिन हमें दिखाई नहीं देते। इंटरनेट की मदद से हम कुछ ही सैकेंडों में लाखों किलोमीटर दूर बैठे किसी व्यक्ति से सीधे जुड़ जाते हैं।

समुद्र में बिछे तारों पर तैरता है इंटरनेट- दुनिया का 95 प्रतिशत से ज्यादा इंटरनेट और फोन कॉल्स समुद्र के नीचे बिछे फाइबर ऑप्टिक तारों से होकर गुजरते हैं। सैटेलाइट का इस्तेमाल सिर्फ 3 से 4 प्रतिशत ही होता है। यह जानकारी टेली जियोग्राफी और इंटरनेशनल केबल प्रोटेक्शन कमेटी जैसी विश्वसनीय संस्थाओं से लिया गया है।

अब आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि गहरे समुद्र में ये तार कैसे दिखते होंगे, कितने लंबे होंगे और ये सुरक्षित कैसे रहते हैं?

गहरे समुद्र में फाइबर ऑप्टिक तार- आपको बता दें कि ये तार पाइप जैसे मोटे होतें है और इनकी अंदर बहुत ही महीन फाइबर ऑप्टिक तार होते हैं, जिनमें डेटा प्रकाश की रफ्तार से दौड़ता है। बाहर की परत तांबे और वाटरप्रूफ मटेरियल से कवर होती है, जिससे के वह गहरे समुद्र में भी सुरक्षित रहे।

बाहर से ये तार पाइप जैसे मोटे होते हैं। अंदर इनमें बहुत पतले फाइबर ऑप्टिक तार होते हैं, जिनमें डेटा रोशनी की रफ्तार से चलता है। बाहर की परत तांबे और वाटरप्रूफ सामग्री से ढकी होती है ताकि ये सुरक्षित रहें। मिली जानकारी के मुताबिक, दुनिया में करीब 400 से ज्यादा सबमरीन केबल्स हैं। इनकी कुल लंबाई लगभग 14 लाख किलोमीटर है।

कौन बिछाता फाइबर ऑप्टिक तार- पहले टेलीकॉम कंपनियां ये तार बिछाती थीं, लेकिन अब गूगल, फेसबुक (मेटा), अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी टेक कंपनियां अपने तार बिछा रही हैं।

# दोनों हाथ बांध लकड़ी के खंभे से लटका दिया, केरल में कपल ने की बेरहमी की इंतेहा पार




नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के पथानामथिट्टा जिले में एक दम्पति को दो युवकों को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाने और फिर उन्हें प्रताड़ित करने के साथ-साथ लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन युवकों के साथ महिला का कुछ समय से कथित तौर पर संबंध था।

पथानामथिट्टा पुलिस ने पिछले हफ्ते एक 29 साल के व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसकी प्रेमिका के परिवार ने उसके साथ मारपीट की है। हालांकि, उसके बयान में खामियां मिलने पर पुलिस ने मामले की आगे जांच की और पाया कि कथित तौर पर हमले के पीछे आरोपी दंपति का हाथ था। पुलिस ने कहा कि दंपति ने उसे कथित तौर पर प्रताड़ित करने के बाद, उसे उसकी प्रेमिका के परिवार ने पिटाई की, ऐसी कहानी गढ़ने की धमकी दी।

क्या है मामला- पुलिस के अनुसार, दोनों व्यक्ति बेंगलुरु में जयेश के साथ काम करते थे और दोनों के दोस्त थे। पुलिस ने दावा किया कि रेशमी का दोनों व्यक्तियों के साथ संबंध था और अंततः जयेश को व्हाट्सएप पर रेशमी की उनके साथ चैट मिली।

अधिकारियों ने बताया कि गुस्से में उसने दोनों व्यक्तियों से बदला लेने की योजना बनाई और अपनी पत्नी को भी इस योजना में शामिल कर लिया। उन्होंने आगे बताया कि रेशमी अपने पति के साथ समझौते के तहत इसके लिए राजी हो गई थी।

शुक्रवार को अरनमुला इलाके की पुलिस ने कोइपुरम गांव के 30 वर्षीय मलयिल वीटिल जयेश और उसकी 25 वर्षीय पत्नी रेशमी को गिरफ्तार किया। 29 वर्षीय युवक के अलावा पुलिस को पता चला कि दंपति ने एक 19 वर्षीय युवक पर भी इसी तरह हमला किया था।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल अमावस्या



## संपादकीय

# पाकिस्तान और सऊदी अरब ने रियाद में ऐतिहासिक रक्षा समझौता किया




वैश्विक स्तरपर पाकिस्तान और सऊदी अरब ने रियाद में ऐतिहासिक रक्षा समझौता किया है। इसके तहत किसी एक देश के खिलाफ किसी भी आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी के इस समझौते में कुछ और देशों के आने की चर्चा है।जियो न्यूज में पाक रक्षामंत्री से पूछा गया कि क्या दूसरे अरब देश भी इस समझौता का हिस्सा बन सकते हैं। इसपर उन्होंने कहा कि मैं इसका जवाब समय से पहले नहीं दे सकता लेकिन मैं यह जरूर है कि दरवाजे खुले हैं।सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा समझौता केवल द्विपक्षीय सहयोग की औपचारिकता नहीं, बल्कि मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया की भू- राजनीतिक दिशा बदलने वाला एक ऐतिहासिक कदम हो सकता है।

यह समझौता इस्लामिक वर्ल्ड में एक प्रकार के सामूहिक सुरक्षा ढांचे की कल्पना को जन्म देता है,जिसे कई विश्लेषक इस्लामिक नाटो की शुरुआत मान रहे हैं।समझौते के तहत यह प्रावधान किया गया है कि किसी एक देश पर हमला पूरे समझौता ढांचे पर हमला माना जाएगा। इस प्रकार यह सुरक्षा गारंटी दोनों देशों के रिश्ते को रणनीतिक साझेदारी में बदलती है।मुस्लिम देशों के बीच लंबे समय से यह बहस चल रही है कि क्या उन्हें भी यूरोप की तरह सामूहिक रक्षा तंत्र अपनाना चाहिए। ओआईसी (आर्गेनाइजेशन ऑफ़ इस्लामिक कोआपरेशन) में इस पर कई बार चर्चा हुई, लेकिन ठोस कदम कभी नहीं उठाए गए।अब सऊदी-पाक रक्षा समझौते ने इस विचार को वास्तविकता के करीब ला दिया है।पाकिस्तान, जो कि इस्लामिक वर्ल्ड की अकेली परमाणु शक्ति है,और सऊदी अरब,जो कि आर्थिक और धार्मिक नेतृत्व रखता है, का एक होना मुस्लिम दुनियाँ के लिए आत्मविश्वास का प्रतीक है।

यह संदेश भी दिया गया है कि मुस्लिम राष्ट्रों को मिलकर अपनी सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना एक मौलिक अधिकार है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि भारत, सऊदी अरब अमीरात व खाड़ी देशों के साथ प्रगाढ़या संबंधों को बनाए रखने के लिए विदेश नीति को और मजबूत बनाने की ज़रूरत है। यह पूरी जानकारी मीडिया से उठाई गई है जो पिछले दो दिनों से सभी चैनलों और सोशल मीडिया पर चल रहा है।

साथियों बात अगर हम यह समझौता भारत के लिए चुनौती या अवसर? की करें तो भारत इस समझौते को मिश्रित भाव से देख रहा है।एक ओर,भारत और सऊदी अरब के संबंध बेहद मज़बूत हैं,ऊर्जा आपूर्ति, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और जी20 सहयोग से लेकर निवेश तक। दूसरी ओर, पाकिस्तान भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। यदि सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ रक्षा गारंटी समझौते में शामिल होता है, तो भारत को आशंका होगी कि कहीं भविष्य में इस्लामिक रक्षा तंत्र भारत के खिलाफ इस्तेमाल न हो।खासकर कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को हमेशा इस्लामिक देशों से राजनीतिक समर्थन मिलता रहा है। हालांकि सऊदी अरब ने हाल के वर्षों में संतुलित रुख अपनाया है, परंतु भारत के रणनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह डील भारत की विदेश नीति के लिए नई चुनौती लेकर आएगी।भारत और सऊदी अरब के संबंध पिछले दशक में ऐतिहासिक ऊँचाई पर पहुंचे हैं। भारतीय पीएम और सऊदी क्राउन प्रिंस के बीच हुई साझेदारियों में ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सहयोग और रक्षा उद्योग शामिल हैं। भारत सऊदी अरब के लिए एक भरोसेमंद आर्थिक पार्टनर है।

# विश्व अल्जाइमर दिवस




विश्व अल्जाइमर दिवस प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस अल्जाइमर रोग और डिमेंशिया के बारे में जागरूकता प्रसारित करने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2016 में विश्व अल्जाइमर दिवस अभियान का विषय था- मुझे याद रखें÷। इस दिन का उद्देश्य विश्व भर के लोगों को डिमेंशिया के लक्षणों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना ही नहीं है, अपितु इसका उद्देश्य डिमेंशिया से पीड़ित रोगियों अथवा इस बीमारी के कारण मृत्यु को प्राप्त होने वाले रोगियों को भी न भूलना है।

### अल्जाइमर रोग

कल्पना कीजिये कि कोई व्यक्ति सब कुछ भूल जाए, उसे कुछ याद ही न रहे। जाहिर है, ऐसे में ज़िन्दगी दुश्वार हो जाती है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि बढ़ती उम्र के साथ लोगों में भूलने की आदत हो जाती है। ऐसे में लोगों को कुछ भी याद नहीं रहता है, किसी को पहचानने में भी मुश्किल होती है, तो कई बार ऐसा होता है कि बुजुर्ग यदि टहल कर भी आते हैं तो उनको अपना घर पहचानने में दिक्क़त होती है। समझना मुश्किल नहीं है कि ऐसे में मानव मन किस कदर जद्दोजहद करता होगा? इन सारी परेशानियों को हम बहुत ही हल्के में लेते हैं और सोचते हैं कि बढ़ती उम्र के साथ ऐसा होता ही है, लेकिन हकीकत यह है कि यह अल्जाइमर नाम की बीमारी है, जिसमें लोग सब कुछ भूलने लगते हैं। 1906 में जर्मन के न्यूरोलॉजिस्ट एलोइस अल्जाइमर ने इस बीमारी का पता लगाया था और इन्हीं के नाम पर इस बीमारी को 'अल्जाइमर कहा जाता है। दुनिया भर में लोगों को इस भूलने वाली बीमारी 'अल्जाइमर' के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के मक़सद से प्रत्येक साल 21 सितंबर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। स्मरण शक्ति कमज़ोर करने वाली यह बीमारी ज्यादातर बुजुर्गों को होती है, लेकिन कई बार इसके लक्षण युवाओं में भी पाये जाते हैं, इसलिए जागरूकता और इसका उचित इलाज बेहद आवश्यक है। हालाँकि, इस बीमारी के लिए कोई प्रॉपर इलाज अब तक विकसित नहीं किया जा सका है, लेकिन इसके लिए सावधानियां और व्यायाम ज़रूर हैं, जो इस बीमारी में काफ़ी हद तक सहायक साबित होते हैं।



अल्जाइमर रोग का सबसे समान्य रूप डिमेंशिया है। यह निरंतर प्रगतिशील होने वाला मस्तिष्क का रोग है, जिसके परिणामस्वरूप याददाश्त और सोचने की क्षमता में कमी होती है। यह मस्तिष्क की कोशिकाओं को नष्ट कर देता है, जिसके कारण याददाश्त में कमी और परिवर्तन, अनियमित व्यवहार तथा शरीर की प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचता है। सामान्य शब्दों में, अल्जाइमर सामान्य की तुलना में अधिकांशतः याददाश्त विकार वाला रोग है। अल्जाइमर से पीड़ित रोगी अक्सर लोगों के नाम, जैसे- कि पुराने दोस्तों, पता, यहाँ तक कि सड़कों तथा अन्य वस्तुओं के नाम भी भूल जाते हैं।

### बीमारी के बारे में तथ्य

अल्जाइमर रोग प्रगतिशील मस्तिष्क रोग है। इस रोग की शुरुआत चीज़ें भूलने और कम स्तर पर याददाश्त में कमी विकसित होने के साथ होती है, जिसके परिणामस्वरूप रोगी को हाल-फ़िलहाल की घटनाओं को याद रखने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अंततः यह दैनिक गतिविधियों तथा यहां तक कि बुनियादी ज़रूरतों की देखभाल करने में अक्षमता पैदा करता है।

यह रोग ज्यादातर बुजुर्ग लोगों को प्रभावित करता है। आज भारत में बुजुर्ग लोगों की आबादी बढ़ रहीं है। यह बीमारी होने के कारण का अलार्म है।

इस रोग के सही कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। इस बीमारी का कारण मस्तिष्क में प्रकट होने वाली कुछ जटिल घटनाएँ हैं।

अल्जाइमर रोग का कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। पीड़ित रोगी का प्रभावी ढंग से उपचार करने हेतु रोग की जल्दी जानकारी प्राप्त होने द्वारा लाभ मिलता है।

उपचार के तौर-तरीकों में औषधीय, मनोवैज्ञानिक और देखभाल करने के तमाम पहलु शामिल हैं।

इस बीमारी के उपचार में पारिवारिक और सामाजिक समर्थन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अल्जाइमर बीमारी का सबसे समान्य रूप डिमेंशिया है।

### चेतावनी संकेत

याददाश्त में कमी, जो कि दैनिक जीवन को बाधित करती है।

योजना या समस्याओं को सुलझाने में चुनौतियाँ।

घर, कार्यस्थल या अवकाश के दौरान परिचित कार्यों को पूरा करने में कठिनाई होना।

समय या स्थान को लेकर भ्रम होना।

दृश्य चित्रों और स्थानिक रिश्तों को समझने में परेशानी होना।

शब्दों को बोलने या लिखने में नई तरह की समस्या होना।

चीज़ों को गलत जगह पर रख देना और वापस प्राप्त करने की क्षमता में कमी।

ख़राब निर्णय या निर्णय लेने की क्षमता में कमी।

कार्य या सामाजिक गतिविधियों से पलायन।

मन और व्यक्तित्व में परिवर्तन।

### रोकथाम हेतु सुझाव

शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और मनोरंजनात्मक गतिविधियों में स्वयं को व्यस्त रखें। जैसे कि-

पढ़ना

प्रसन्नता के लिए लेखन करना।

संगीतमय वाद्ययंत्र बजाना।

प्रौढ़ शिक्षा पाठ्यक्रम में भाग लेना।

घर के अंदर खेले जाने वाले खेल, जैसे कि वर्ग पहेली, पहेली, स्क्रैबल और शतरंज खेलना।


तैराकी करना

समूह खेल जैसे कि गेंदबाजी करना

घूमना

योग और ध्यान

# स्टॉक स्प्लिट और बोनस शेयर एक साथ, इस केमिकल कंपनी ने लिया बड़ा फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। केमिकल बिजनेस से जुड़ी कंपनी ने बोनस शेयर और स्टॉक स्प्लिट करने की घोषणा की है। कंपनी ने इसके लिए रिकॉर्ड डेट भी तय कर दी है। हम यहां जिस शेयर की बात कर रहे हैं उसका नाम पौषक लिमिटेड है। इसका मार्केट कैप 2,016 करोड़ रुपये है और शेयर प्राइस 6,541 रुपये प्रति शेयर है।

इस शेयर में निवेशकों को 6 महीने में ही 64.47% फीसदी का रिटर्न दिया है। 3 महीने में यह 52.55% बढ़ा है। एक साल में 11.81त्न का रिटर्न दिया है।

पौषक लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग बताया कि उसने स्टॉक विभाजन और बोनस शेयरों के लिए रिकॉर्ड डेट के रूप में 3 अक्टूबर 2025 तय किया है।

सबसे पहले, कंपनी स्टॉक स्प्लिट करेगी, यानी 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर 5 रुपये मूल्य के दो शेयर बन जाएंगे। साथ ही, कंपनी (विभाजन के बाद) प्रत्येक 1 शेयर पर 3 अतिरिक्त बोनस शेयर भी देगी।

इसके पीछे विचार यह है कि शेयर की कीमतें खरीददारों के लिए अधिक किफायती बनाई जाएं और साथ ही बाजार में कंपनी की भागीदारी और शेयरों की तरलता बढ़ाई जाए। उदाहरण के लिए, अगर आपके पास अभी 10 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले 100 शेयर हैं, तो स्प्लिट के बाद, आपके पास 5 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले 200 शेयर हो जाएंगे।

इन 200 शेयरों के लिए, आपको हर 1 शेयर पर 3 बोनस शेयर की दर से बोनस इश्यू मिलेगा, यानी आपको 600 शेयर बोनस के तौर पर मिलेंगे। इस तरह, इन दोनों कामों के पूरा होने के बाद, आपके पास कुल 5 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले 800 शेयर होंगे।

पौषक कंपनी के बारे में

पौषक भारत की सबसे बड़ी फॉस्जीन आधारित विशेष रसायन निर्माता कंपनी है। यह फार्मास्युटिकल, एग्रोकेमिकल और परफॉर्मेंस उद्योगों को अपनी सेवाएँ प्रदान करती है। पौषक, गुजरात, भारत में स्थित एलेम्बिक समूह की कंपनियों का हिस्सा है। एलेम्बिक लिमिटेड भारत की सबसे पुरानी फार्मास्युटिकल कंपनी है जिसकी स्थापना 1907 में हुई थी।

## चर्चित डिफेंस कंपनी को मिला 66.44 मिलियन डॉलर काम, शेयरों में तेजी की उम्मीद




नई दिल्ली (एजेंसी)। धाकड़ डिफेंस कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स लिमिटेड को एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी ने इसकी जानकारी शेयर बाजारों के साथ 19 सितंबर 2025 को साझा किया था। कंपनी ने बताया है कि उन्हें 4 वेसल्स बनाने का काम मिला है।

गार्डन रीच की तरफ से एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा गया है कि उन्होंने M/s Carsten Rehder Schiffsmakler और Reederei GmbH & Co के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इन्हें मिलकर 4 हाइब्रिड मल्टी-पर्पज़ वेसल्स का कंस्ट्रक्शन करना है। इस वर्क ऑर्डर की कुल वैल्यू 66.44 मिलियन डॉलर की है। डिफेंस कंपनी ने बताया है कि इस वर्क ऑर्डर की टाइमलाइन 33 से 42 महीने की है।

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल के दौरान भी तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 53 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। बता दें, शुक्रवार को मार्केट के क्लोजिंग के टाईम पर यह स्टॉक बीएसई में 2604.10 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। गार्डन रीच का 52 वीक हाई 3535 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1180.10 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 29,830.49 करोड़ रुपये का है।

## सस्ते में फ्लाइट की सैर कराने वाले IndiGo के राहुल भाटिया की भागी नेट वर्थ, पहुंची 88 हजार करोड़ के पार



नई दिल्ली (एजेंसी)। आज के समय में भारत में इंडिगो ही सबसे ज्यादा फ्लाइट सर्विस उपलब्ध कराती है। यह भारत की सबसे बड़ी फ्लाइट कंपनी है। इसने बहुत ही कम समय में सफलता हासिल की। इंडिगो भारत की सबसे ज्यादा मुनाफे वाली एयरलाइन है। एक समय इस कंपनी का कोई नामोनिशान नहीं थी। लेकिन IndiGo भारत की सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा मुनाफे वाली कंपनियों में से टॉप पर है। इसके सह-संस्थापक राहुल भाटिया की नेटवर्थ में भारी उछाल देखने को मिला है। यानी हम कह सकते हैं कि IndiGo के राहुल भाटिया अब और अमीर हो गए हैं।

कितनी है राहुल भाटिया की नेटवर्थ । Rahul Bhatia Net Worth- Forbes की रियल टाइम डेटा के अनुसार Rahul Bhatia की नेटवर्थ 10.2 बिलियन डॉलर (88 हजार करोड़ रुपये) है। उनकी संपत्ति में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। वहीं, उनके को-फाउंडर रहे राकेश गंगवाल की नेट वर्थ 5.9 बिलियन डॉलर है। इस समय इंडिगो का मार्केट कैप 2,19,626.24 करोड़ रुपये है।

राहुल भाटिया का इतनी संपत्ति बनाना इंडिगो की सफलता को दर्शाता है, जो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। 2006 में शुरू हुई इंडिगो अपने कम लागत वाले मॉडल और बड़े घरेलू नेटवर्क के लिए जानी जाती है।

इंडिगो ने कब भरी थी पहली उड़ान- इस समय भारत की सबसे बड़ी और मुनाफे वाली कंपनी इंडिगो की शुरुआत तो बहुत पहले ही हो चुकी थी। राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने इसकी शुरुआत की थी। इंडिगो ने अपनी पहली उड़ान 4 अगस्त 2006 को भरी थी। यह उड़ान नई दिल्ली से इंफाल के लिए थी। 20 साल से कम समय में, दोनों ने भारतीय विमानन उद्योग की दिशा और दशा बदल दी। खास बात यह है कि भाटिया की मौजूदा संपत्ति 10 अरब डॉलर से ज्यादा है, जो 2015 में इंडिगो के IPO के समय के बाजार मूल्य से दोगुना से भी अधिक है।


## 250 की बचत से बन जाएगी बिटिया की किस्मत, सरकार से 8.2त्न ब्याज का भी तोहफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप अपनी बिटिया के सिक्योर फ्यूचर की चाहत रखते हैं तो ये खबर आपके काम की हो सकती है। आप सिर्फ 250 रुपये से भी बिटिया के फ्यूचर को सिक्योर करने की शुरुआत कर सकते हैं। दरअसल, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने करीब 10 साल पहले 10 साल तक की बच्चियों के लिए एक ऐसी योजना की शुरुआत की थी जिसमें आप 250 रुपये के निवेश से भी शुरुआत कर सकते हैं। इसका नाम सुकन्या समृद्धि योजना है। इस योजना में सरकार 8.2त्न ब्याज देती है। अभिभावक बालिका के जन्म के तुरंत बाद से लेकर उसके 10 वर्ष की आयु होने तक इस योजना के तहत खाता खोल सकते हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए केवल एक खाता खोलने की अनुमति है। माता-पिता अपने प्रत्येक बच्चे के लिए अधिकतम दो खाते खोल सकते हैं। हालांकि, जुड़वां या तीन बच्चे होने की स्थिति में अधिक खाते खोलने की छूट है। खाते को भारत में कहीं भी ट्रांसफर किया जा सकता है।

योजना के तहत खाता खोलने की चाहत रखते हैं तो बालिका का जन्म प्रमाणपत्र, पहचान प्रमाण और निवास प्रमाण जरूरी है। ये डॉक्युमेंट आरबीआई केवाईसी दिशानिर्देशों के अनुसार होने अनिवार्य हैं।

# धड़ाम हो रहे सोने के दाम, फेड रेट कट का दिख रहा असर; एक्सपर्ट बोले आगे आएगी तूफानी तेजी!



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा इंटरेस्ट रेट में कटौती के बाद से सोने के दामों में गिरावट देखने को मिल रही है। ब्याज दरों में कटौती के बाद, भारत और विदेशों में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 1,10,644 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंचने के बाद, घरेलू सोने की कीमतों में लगभग 0.50% की गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती के बाद अमेरिकी डॉलर में आई तेजी है।

अल्पकालिक सुधार के बावजूद, स्वह्रङ्ग पर सोने की कीमतों में लगातार 5वें सप्ताह वृद्धि दर्ज की गई है, और अक्टूबर 2025 का सोना वायदा पिछले शुक्रवार को 1,09,900 रुपये पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, कॉमेक्स पर सोने का भाव पिछले सप्ताह रिकॉर्ड 3,707.65 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस पर पहुंच गया।

आगे कैसे रहेगी सोने की चाल- विशेषज्ञों ने बताया कि हालिया परिदृश्य थोड़ा अलग था। वीटी मार्केट्स के ग्लोबल स्ट्रैटेजी प्रमुख, रॉस मैक्सवेल के अनुसार, ÷हालांकि ब्याज दरों में कटौती आमतौर पर सोने को समर्थन देती है, फेड ने आंकड़ों पर निर्भरता पर जोर दिया और सुझाव दिया कि भविष्य में कटौती अधिक क्रमिक होगी। चेयरमैन पॉवेल की टिप्पणियों के बाद अमेरिकी डॉलर में आई तेजी और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी ने अल्पावधि में सोने की उम्मीदों को कम कर दिया।

मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने निकट अवधि के दबाव के बारे में बताते हुए कहा 25 आधार अंकों की कमी का बाजार ने पहले ही आकलन कर लिया था।

## अडानी के इस सस्ते शेयर की भी डिमांड, 70 रुपये से कम कीमत, आपका है दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। बाजार नियामक सेबी की तरफ से क्लीन चिट मिलने के बाद अडानी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को खासी तेजी रही। इसमें से एक शेयर ऐसा भी है जिसकी कीमत 70 रुपये से कम है। इस शेयर का नाम सांघी इंडस्ट्रीज है। यह एक सीमेंट कंपनी है। आइए शेयर के परफॉर्मेंस के बारे में विस्तार से जान लेते हैं।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बीएसई पर सांघी इंडस्ट्रीज के शेयर पिछली क्लोजिंग 65.14 रुपये के मुकाबले करीब 2 पर्सेंट बढ़कर 66.85 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में शेयर की क्लोजिंग 0.63त्न बढ़कर 65.55 रुपये पर हुई। इस शेयर की कीमत नवंबर में 90.52 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। इस शेयर के 52 हफ्ते का लो मार्च 2025 में 50.10 रुपये पर थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# सतना खनिज अधिकारी एच.पी. सिंह निलंबित, दीपमाला तिवारी को मिला अतिरिक्त प्रभार




सतना। मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग, भोपाल ने सतना जिले के प्रभारी खनिज अधिकारी एच.पी. सिंह को निलंबित कर दिया है। निलंबन के पीछे मुख्य कारण शासकीय कार्यों में उदासीनता, अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई न करना बताया गया है। आदेश 19 सितंबर, 2025 को जारी किया गया। इसके साथ ही रीवा जिले की खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी को सतना जिले का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह कार्रवाई खनिज प्रशासन में पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब यह देखना होगा कि दीपमाला तिवारी के नेतृत्व में सतना जिले में खनिज क्षेत्र में सुधार और प्रभावी निगरानी किस प्रकार लागू होती है।

यह है पूरा मामला जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि सतना जिले का औसत दैनिक ई-टीपी पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में गिरकर 1226 से 482 रह गया, जो गंभीर रूप से चिंताजनक है। इसके अलावा, क्षेत्र उपलब्धता के तीन प्रकरण और खदानों के लेप्स प्रपोजल के पांच प्रकरण लंबित पाए गए। शासन ने पाया कि कार्यालय में पर्याप्त नियंत्रण न रखने के कारण प्रभारी अधिकारी ने अपने कर्तव्यों में स्वेच्छाचारिता और गंभीर लापरवाही बरती।निलंबन अवधि के दौरान एच.पी. सिंह का मुख्यालय रीवा स्थित संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म रहेगा, और उन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ते की सुविधा प्राप्त होगी। रीवा की खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी अब सतना का प्रभारी जिला खनिज अधिकारी होंगी।

उनके नेतृत्व में जिले में खनिज कार्यों की निरंतरता और अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने की उम्मीद जताई जा रही है। आदेश अवर सचिव शर्मिला ठाकुर द्वारा राज्यपाल के नाम से जारी किया गया। इसमें रीवा संभाग के आयुक्त, संचालनालय के अधिकारी, कलेक्टर सतना और क्षेत्रीय प्रमुखों को सूचनार्थ अवगत कराया गया है।

# छतरपुर में एक ही परिवार के 4 लोगों ने खाया जहर, पिता-बेटे की मौके पर मौत; लोन वसूली के दबाव से जुड़ा मामला



छतरपुर। छतरपुर जिले के ओरछा थानाक्षेत्र में एक परिवार के चार लोगों ने जहर खा लिया। जहर खाने से किसान देरी निवासी ओमप्रकाश अहिरवार और चार साल के बेटे रिहांस की मौत हो गई है।

जब सुबह के समय घर के दरबाजे देर तक नहीं खुले तो ग्रामीणों ने उनके गेट खुलवाए तब पता चला कि उन्होंने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया है। जिनको लेकर चारों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पिता और छोटे बेटे की मौत होने की पुष्टि की गई।

किसान की पत्नी नंदिनी और बड़ा बेटा आदेश के पेट में दर्ज उठ रहा है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला क्या है इसे लेकर तब हकीकत सामने आ सकेगी जब अस्पताल में भर्ती दोनों लोगों होश में आएंगे। पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक दिन पहले लोन का बकाया जमा करने के लिए लोन देने वाली कंपनी के लोग आए थे और जमीन की कुर्की कराने की बात कह गए थे। अब घटना के पीछे की हकीकत क्या है इसकी जानकारी परिवार के दो लोगों के होश में आने के बाद ही चल सकेगा।

# एमपी हाईकोर्ट में पेंडिंग हैं 4.80 लाख केस, क्रिमिनल केस पर सुनवाई के लिए बनाई 10 स्पेशल बेंच

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के सिर पर चार लाख 80 हजार लंबित मामलों का बोझ है। इसी को गंभीरता से लेकर क्रिमिनल केस निराकृत करने युद्ध स्तर पर प्रयास को गति दे दी गई है। इसके अंतर्गत 10 विशेष बेंच गठित कर दी गई हैं। इनके जरिए क्रिमिनल केस सुने जाएंगे। आज से ही इस अभियान को गति दी जाएगी। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को पत्र लिखकर मांग की गई थी। जिसे गंभीरता से लेकर कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में तीन हजार के लगभग जमानत अर्जियां लंबित हैं। जजों के कुल स्वीकृत पद 53 के मुकाबले महज 53 जज पदस्थ हैं। इस वजह से लंबित प्रकरणों के निराकरण में द्रुतगति परिलक्षित नहीं हो पा रही है। ये जज स्पेशल बेंच में हैं शामिल

स्पेशल बेंचों के गठन से इन मामलों के त्वरित निपटारे की उम्मीद है। सीजे संजीव सचदेवा की गठित स्पेशल बेंच में शामिल जजों में जस्टिस अचल कुमार पालीवाल, जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल, जस्टिस देवनारायण मिश्रा, जस्टिस दीपक खोत, जस्टिस अजय कुमार निरंकारी, जस्टिस हिमांशु जोशी, जस्टिस रामकुमार चौबे, जस्टिस रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन, जस्टिस बीपी शर्मा और जस्टिस प्रदीप मित्तल के नाम हैं।

# प्रदेश में पुलिसकर्मियों के निधन पर परोपकार निधि से परिवार को मिलेगी 5 लाख की मदद



भोपाल। पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की मृत्यु होने पर परोपकार निधि से दी जाने वाली राशि एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये की जाएगी। इसके लिए के लिए समस्त रैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों से वर्ष में 1200 रुपये अतिरिक्त लिया जाएगा। अभी यह राशि अलग-अलग रैंक के अधिकारियों के लिए 600 से 3800 रुपये तक है। इसके अतिरिक्त शिक्षा निधि से दी जाने वाली सहायता भी पहले से डेढ़ गुना कर दी गई है। इसके अतिरिक्त वन नेशन- वन यूनिफार्म पर विचार केंद्र से निर्णय होने के बाद लिया जाएगा।

रवीन्द्र भवन में शुक्रवार को हुई पुलिस परामर्शदात्री समिति और पुलिस कल्याण समिति की बैठक में यह निर्णय लिया है। बैठक की अध्यक्षता डीजीपी कैलाश मकवाणा ने की। इस अवसर पुलिस मुख्यालय की सभी शाखाओं के स्पेशल डीजी एवं एडीजी उपस्थित थे। स्पेशल डीजी (कल्याण) अनिल कुमार ने पुलिस कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत यह प्रस्ताव रखे, जिस पर सभी ने सहमति जताई।

पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर हुई चर्चा

बैठक में पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़ी अन्य गतिविधियों जैसे पेट्रोल पंप, साख समिति, पुलिस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएचपीएस) पर भी विमर्श हुआ। इसके साथ ही बंदियों की खुराक, छोटे जेल वाहनों की आवश्यकता, थानों एवं पुलिस लाइनों में आवासीय सुविधाओं और बैरक संबंधी समस्याओं पर सुझाव आए, जिन पर विचार किया जाएगा।

अतिक्रमण रोकने जमीन का होगा सीमांकन

बैठक में यह भी तय किया गया है कि प्रदेश की विभिन्न पुलिस इकाइयों/निकायों के पास उपलब्ध शासकीय भूमि का सीमांकन व संरक्षण किया जाएगा, जिससे कोई अतिक्रमण न हो सके। जमीन को आवास तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए सुरक्षित रखा जा सकें। बता दें कि पुलिस परामर्शदात्री समिति में प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सदस्य हैं।

# रेलवे का बड़ा फैसला, 22 सितंबर से 6 अक्टूबर तक मैहर स्टेशन पर रुकेंगी 28 ट्रेनें



मैहर। मां शारदा देवी मंदिर में नवरात्र मेला शुरू होने जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने घोषणा की है कि 22 सितंबर से 6 अक्टूबर तक 14 जोड़ी यानी 28 ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव मिलेगा।

इस दौरान सभी ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर पाँच मिनट का अतिरिक्त स्टॉप दिया जाएगा, ताकि यात्रियों को आसानी से चढ़ने-उतरने की सुविधा मिल सके और स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

रेल प्रशासन ने बताया कि इस अवधि में सभी 28 ट्रेनों का आगमन और प्रस्थान समय तय रहेगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा योजना समय सारिणी को ध्यान में रखकर ही बनाएं।

**श्रद्धालुओं के लिए राहत**-रेलवे का यह निर्णय नवरात्र मेले में आ रहे लाखों श्रद्धालुओं के लिए राहत साबित होगा। इससे यात्रा सुगम होगी और स्टेशन पर अनावश्यक भीड़भाड़ से बचाव हो सकेगा।

**ट्रेनों की समय-सारणी**-लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर एक्सप्रेस (11055) सुबह 3:15 बजे मैहर पहुँचेगी और 3:20 बजे रवाना होगी।

गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (11056) रात 8:25 बजे पहुँचेगी और 8:30 बजे प्रस्थान करेगी।

इसी तरह चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस, वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस, पटना-पूर्णा एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों को भी मैहर में पाँच मिनट का ठहराव मिलेगा।



# बायपास पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे की किसी भी हालत में यातायात जाम की स्थिति नहीं बने

## इंदौर-देवास बायपास और उज्जैन रोड़ पर नवरात्रि को देखते हुए रखें जाए विशेष इंतजाम



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि इंदौर के बायपास पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे की किसी भी हालत में यातायात जाम की स्थिति नहीं बने। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बायपास पर रालामण्डल, कनाड़िया, बेस्ट प्राइज और अर्जुन बरोदा में बन रहे ओव्हर ब्रिज के डायर्वशन मार्ग पर 24 घंटे अमला, क्रेन और अन्य जरूरी संसाधन तैनात रखें। यहाँ वाहन खराब होते ही उन्हें तुरंत हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। यातायात सुचारू बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के अमले के साथ आवश्यक समन्वय बनाये रखें। बारिश से होने वाले डायर्वशन मार्ग पर गड्ढ़ों की तुरंत मरम्मत की जाए। पर्याप्त लाईटिंग की जाए। उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों की मरम्मत का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करें। उन्होंने इंदौर-देवास बायपास और उज्जैन रोड़ पर नवरात्रि को देखते हुए यातायात को सुचारू बनाये रखने, यात्रियों की सुरक्षा आदि पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री सिलावट ने आज रेसीडेंसी में सांवेर विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों, पुल, पुलियाओं आदि की प्रगति की समीक्षा के लिए सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम श्री घनश्याम धनगर, श्री ओमनारायण बडकूल, सुश्री निधि वर्मा और श्री नीरज खरे, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री सी.एस. खरत, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक श्री प्रवीण यादव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग, एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना और लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत, प्रगतिरत, पूर्ण सड़कों, पुल-पुलियाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य अप्रारंभ है, उनका निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाए। प्रगतिरत कार्य शीघ्र पूर्ण करें और पूर्ण कार्यों को जल्द लोकार्पित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर पूर्ण किया जाए। प्रतिदिन का लक्ष्य तय कर अधिकारी कार्य करें। कार्य में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में बताया गया कि गत दिवस अर्जुन बरोदा पर डायर्वशन मार्ग पर एक भारी वाहन का कमानी का पत्ता टूट गया था। तत्काल उसे हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई। भारी वाहन हटाने में समय लगा, इस कारण भारी जाम की स्थिति निर्मित हुई। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि यह स्थिति दोबारा नहीं बने, यह सुनिश्चित करें। बाधा आने पर उसे हटाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस और संबंधित विभाग मिलकर समन्वित प्रयास तत्काल करें। बताया गया कि अर्जुन बरोदा डायर्वशन में डामरीकरण का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। बेस्ट प्राइज के जंक्शन पर भी सभी जरूरी इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए।

### श्रमिकों की सुरक्षा के लिए कारखानों में सुरक्षित वातावरण बनाने की अपील

इंदौर। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा उप संचालकों से प्राप्त सुरक्षा निरीक्षण प्रतिवेदनों का विश्लेषण किया गया है। इस विश्लेषण में सामान्य रूप से पाई गई कमियों को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिष्ठानों के लिए एक परामर्श जारी किया गया है, ताकि इन कमियों को दूर कर कार्यस्थलों को अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने समस्त कारखानों से आग्रह किया है कि वे स्वयं भी विस्तृत सुरक्षा ऑडिट करवाएँ, जिससे हर संभव प्रयास कर दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। यह पहल न केवल कार्यस्थलों पर सुरक्षित वातावरण के निर्माण में सहायक होगी, बल्कि श्रमिकों की सुरक्षा एवं कल्याण को भी बढ़ावा देगी।

इसके अतिरिक्त, हर्ट-फ्री काउंटर्स स्थापित करने का भी सुझाव दिया गया है, जिसमें अनेक प्रतिष्ठानों ने स्वेच्छा से भागीदारी की है। इन काउंटर्स के माध्यम से कार्यस्थलों पर होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं और जोखिमपूर्ण स्थितियों की जानकारी एकत्रित की जाएगी।

## महिला कलेक्टर ने महिलाओं व बहनों से की स्थानीय बोली में स्वास्थ्य जांच कराने की अपील




इंदौर। झाबुआ जिले की महिला कलेक्टर नेहा मीणा ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार में महिलाओं के स्वास्थ्य उपचार और सम्पूर्ण जांच के लिए अपील का वीडियो जारी किया है। यह वीडियो उन्होंने महिलाओं व बहनों के लिए स्थानीय बोली में जारी कर कहा कि हमारे देश और समाज की प्रगति, नारी शक्ति के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर निर्भर करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सिंतम्बर को स्वस्थ बहन और सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की है। इसमें बहनों व माताओं को होने वाली अनेक बीमारियों की निशुल्क जांच की जा रही है। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने तथा उनके समग्र स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर नेहा मीना ने जिले की समस्त महिलाओं से कहा कि सभी माता-बहनों, बेटियों एवं किशोरियों को इस अभियान का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या अभियान शिविर में जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कराना चाहिए।

इस अभियान के अंतर्गत सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं और जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इनका लाभ उठाया जा सकता है।अभियान के अंतर्गत महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिसमें गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार, किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की जांच, परामर्श और उपचार, आहार एवं व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़ी जागरूकता, महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर जैसी बीमारियों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य, दंत रोग एवं मोतियाबिंद की पहचान एवं उपचार, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग और उपचार किया जाएगा।

## आरजीपीवी-एलएंडटी एजूटेक की साझेदारी से तैयार होंगे इंडस्ट्री-रेडी इंजीनियर्स

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के तकनीकी संस्थानों से तैयार होने वाले मानव संसाधन और उद्योगों के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल के बीच की खाई पाटने के लिये निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) और एलएंडटी एजूटेक के बीच एक एमओयू किया गया है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद अब तकनीकी कौशल और औद्योगिक प्रशिक्षण में नवाचार की दृष्टि से एलएंडटी द्वारा विकसित विशेष पाठ्यक्रम आरजीपीवी के माध्यम से प्रदेश के इंजीनियरिंग संस्थानों में लॉंच किये जा रहे हैं। इससे आने वाले वर्षों में प्रदेश में औद्योगिक-ईकोसिस्टम सशक्त बनेगा। साथ ही भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे टियर-2 शहर नवाचार के नए केंद्र बनेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विगत वर्षों में प्रदेश के विश्वविद्यालयीन पाठ्यक्रमों को उद्योग की वास्तविक मांगों से जोड़कर इंड्स्ट्री-रेडी इंजीनियर तैयार करने की पहल की गई है। प्रदेश में प्रति वर्ष 50 हजार से अधिक इंजीनियरिंग और अन्य तकनीकी स्नातक नौकरी बाजार में आ रहे हैं।

### 15 वीं वाहिनी विसबल द्वारा रक्तदान शिविर



इंदौर। सेवा पखवाड़े के तहत इंदौर में आज 15 वीं वाहिनी विसबल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंडियन रेडक्रास सोसायटी की इन्दौर शाखा के सहयोग से आयोजित किया गया। राज्य शासन व पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक विसबल पश्चिम क्षेत्र इन्दौर श्री चन्द्रशेखर सोलंकी के मार्गदर्शन में 15 वीं वाहिनी विसबल में 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत समाज व मानव कल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज सम्पन्न हुए रक्तदान शिविर में वाहिनी की ओर से एआईजी श्री पंकज कुमार शर्मा, उप सेनानी श्री विशाल सिंह, सहायक सेनानी श्री मनेन्दु गोयल, सहायक सेनानी श्री विनोद कुमार बघेल, सहायक सेनानी श्रीमती यशस्वी शिंदे एवं वाहिनी के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ मध्यप्रदेश पुलिस में सम्मिलित होने जा रहे नव आरक्षकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। मध्यप्रदेश पुलिस परिवार के 26 अधिकारी/कर्मचारी ने रक्तदान कर समाज, मानवता व राष्ट के प्रति अपने कर्तव्यों को दोहराया।

## कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में तैयारियों की बैठक सम्पन्न



इंदौर। इंदौर जिले में सेवा पखवाड़े के तहत कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में इंदौर में 21 सितंबर को आत्म निर्भर-भारत विकसित भारत थीम पर नमों मैराथन का आयोजन किया जाएगा। नमों मैराथन का आयोजन प्रातः 6¬30 बजे राजीव गांधी चौराहा से भंवरकुआ चौराहा तक किया जायेगा। इस मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों सहित आमजन शामिल होंगे।

इस मैराथन दौड़ के संबंध में आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की इस मैराथन दौड़ का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि मैराथन दौड़ सभी आयु वर्ग के लिए ओपन है। इसमें कोई भी प्रतिभागी शामिल हो सकता है। मैराथन दौड़ में विजेताओं को नगद राशि से भी पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। बताया गया कि मैराथन दौड़ में प्रथम आने वाले धावक को 5 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही दूसरे स्थान पर रहने वाले को 3 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 2 हजार रुपये का नगद पुरस्कार मिलेगा। इसी तरह सात धावकों को प्रोत्साहन राशि के रूप में एक-एक हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

### रविवार को शहर के 6 केंद्रों पर आयोजित होगी राज्य सेवा आयोग की परीक्षा

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशानुसार शुक्रवार को तकनीकी परीक्षा-2024 के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। रविवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक इंदौर शहर के 6 केंद्रों पर राज्य सेवा आयोग द्वारा परीक्षा आयोजित होगी। इस परीक्षा में प्रदेश के 2631 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 6 केंद्राध्यक्षों व परीक्षा से जुड़े विभागों के साथ हुई बैठक में परीक्षा के दौरान वीक्षकों के लिए सावधानी बरतने तथा परीक्षार्थियों के कक्ष में जाने के पूर्व तलाशी लेने एवं परीक्षार्थी कक्ष में वर्जित वस्तुएं के बारे में बताया गया। आयोग ने निर्धारित किया है कि कपड़ों, कफलींक, धूप का चश्मा, जूते-मोजे, हाथ के बैंड/हाथ में बंधे बंधन इत्यादि में नाना प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग करते हैं।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# संभागायुक्त श्री सिंह ने सिंहस्थ 2028 के नगर निगम के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया

उज्जैन । संभागायुक्त आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत संभागायुक्त आशीष सिंह ने विक्रम नगर रेलवे स्टेशन को देवास रोड से जोड़ने वाले कोठी रोड मार्ग से की।

कोठी मार्ग निर्माण के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सारे जंक्शन के लिए एक स्पेशलिस्ट अधिकारी नियुक्त किया जाए और सभी जंक्शन की नंबरिंग कर सभी जंक्शन के लिए ट्रैफिक प्लान बनाए। कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्वालिटी मैकेनिज्म डिजाइन कर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की रियल टाइम स्ट्रेंथ टेस्टिंग हो सके। क्यूब टेस्टिंग और अन्य टेस्टिंग समय पर हो। प्रकाश के लिए सभी मार्गों पर सेंट्रल लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करे। कोठी रोड



मार्ग पर विश्वविद्यालय के छात्रों की सुविधा के लिए सर्विस लेन बनाए जिससे दुर्घटनाओं की संभावना ना हो।

संभागायुक्त श्री सिंह ने महावीर बाग कॉलोनी निर्माण कार्य का निरीक्षण कर स्टॉर्म वाटर लाइन निर्माण , सभी कार्यों के लिए आवश्यक स्वीकृति के कार्य जल्द पूर्ण करने, मार्ग निर्माण के साथ मोबिलिटी प्लान में नवनिर्मित मार्गों के उपयोग की भी प्लानिंग करने के निर्देश दिए।

पंचमुखी हनुमान मार्ग निर्माण का निरीक्षण कर निर्देश दिए

क्रिटिकल जंक्शन पर इंटरवेंशन करा जाए। जंक्शन का विकास नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर करने के भी निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने पंचमुखी मार्ग निर्माण कार्य की लेटेस्ट लेब रिपोर्ट का भी निरीक्षण किया।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कार्यों के साथ लैंडस्केपिंग के कार्यों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जिससे सिविल कार्यों के साथ शहर की सुंदरता भी बढ़े। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि सिंहस्थ के कार्यों की क्वालिटी में 1 प्रतिशत की भी कमी ना हो इसका विशेष ध्यान रखे। गुणवत्ता जांच अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट को कोर कटिंग और अन्य गुणवत्ता जांच सभी कार्यों की नियमित रूप से करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रौशन कुमार सिंह,नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, नगर निगम के सभी यंत्री और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंधी समाज करेगा उज्जैन में 9 दिवसीय ऐतिहासिक गरबा

## 22 सितंबर से प्रारंभ होंगे गरबे, समाज की बैठक में लिया निर्णय



उज्जैन। सिंधी समाज द्वारा इस वर्ष 9 दिवसीय गरबों का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी महेश परियानी के मार्गदर्शन में होने जा रहे नव दिवसिय गरबे 22 सितंबर से होटल पार्क पैलेस इंदौर रोड पर प्रारंभ होंगे।

कार्यक्रम संयोजक गोपाल बलवानी, दीपक बेलानी एवं ललित लुला के संयोजन में एवं महिला मंडल के संयुक्त संयोजन में होने जा रहे इस ऐतिहासिक गरबा को लेकर सिंधी समाज के पंचायतो के अध्यक्ष एवं सिंधु जागृत समाज के समस्त पदाधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व अनुमति से उक्त निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से प्रताप रोहड़ा, मोहन वासवानी, रमेश सामदानी, कशिश सीतलानी, दीपा खत्री, दीपक राजवानी, गोपी राजवानी, दीपा वासवानी, नेहा मोटवानी, वर्षा आडवाणी, सोनिया नथानी, लीलाराम चांदनानी, अशोक हरपालानी, वीर मामनानी, अमित सहदेव, अजय राठौर, दीपा खत्री, बनीता रोचवानी, सोनिया शर्मा, प्रणय दोदानी, भाविका मोटवानी, मुकेश खत्री, पंडितानी शोभा शर्मा, दिशा शर्मा, महेश गंगवानी, कपिल बासानी, धर्मेन्द्र खूबचंदानी, अनीता, हरीश टेकवानी, पायलजी, हरिश आडवाणी, रमेश गजरानी, ओमप्रकाश आहूजा, विशाल चंदनानी, रवि डोडानी, महेश कुकरेजा, सौरभ बेलानी, उमेश दादलानी, चेतन अहिया, किशोर मूलानी, मनोज रोचवानी, कमल साहलानी, नितीन भिमवानी, मोहन वासवानी आदि मौजूद रहे।

# श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों, स्टाफ सदस्यों व ठेका श्रमिकों की अति आवश्यक बैठक आज होगी

उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स क्रेडिट सोसायटी के डायेक्टर व कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक प्रकाश सोलंकी के अनुसार दि.16 सितंबर 2025 को कोलकाता उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई थी जिसकी जानकारी श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों, स्टाफ सदस्यों व ठेका श्रमिकों को देने हेतु अति आवश्यक बैठक 21 सितंबर 2025 रविवार को दोपहर 12 बजे शहीद पार्क उज्जैन पर आहुत की गई है जिसमें 9 दिसंबर 2025 को होने वाली सुनवाई के लिये अगली रणनीति व कानूनी विमर्श की रूपरेखा बनाई जायेगी।

बैठक में उपस्थिति के समय अटेंडर्स कार्ड जरूर साथ लावें। बैठक को सफल बनाने की अपील रामचन्द्र चैधरी, शिवाजी राव शिंदे, अमरसिंह गेहलोत, मुकुटबिहारी, शीतलप्रसाद राठौर आदि।

# कल्याण शिवहरे भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अनुशंसा पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा कल्याण शिवहरे को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कल्याण शिवहरे की नियुक्ति पर समाजजन, शिक्षक साथियों व इष्टमित्रों ने बधाई प्रेषित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना।

# सकल जैन समाज के 140 तपस्वियों का बहुमान आज

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय जैना ग्लोबल धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास (सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था) के तत्वावधान में सकल जैन समाज के उन तपस्वियों का सम्मान किया जा रहा है जिन्होंने कर्मों की निर्जरा हेतु कई तपस्वियों ने 8 उपवास से 41 उपवास तक की कठिन तपस्या कर स्वयं आत्मकल्याण के पथ पर अग्रसर होकर आत्म शुद्धि का मार्ग अपनाया।

जैना ग्लोबल धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सुराणा, महासचिव सुनील जैन दोशी ने बताया कि सकल जैन समाज के 140 से ज्यादा तपस्वियों ने कठिन तपस्या कर स्वयं आत्मकल्याण तो किया ही है वरन सकल समाज के प्रेरणा स्त्रोत्र भी बने हैं ऐसे तपस्वियों का बहुमान आज 21 सितंबर रविवार को सुबह 9.30 से जैन तीर्थ अभ्युदयपुरम, बड़नगर रोड उज्जैन पर आयोजित किया गया है। इस पावन अवसर पर शहर के श्रेष्ठिजन उपस्थित रहकर तपस्वियों की अनुमोदना करेंगे।

# अग्रवाल जेसिस ने गजलक्ष्मी मंदिर पर कुलदेवी का किया सोलह श्रृंगार

## अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल जेसिस ने कुलदेवी महालक्ष्मी का चुनरी उत्सव मनाया, महाआरती की



उज्जैन। श्री अग्रवाल जैसीस द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर नई पेठ स्थित गज लक्ष्मी मंदिर पर चुनरी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

अग्रवाल जैसीस के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अग्रवालों की कुलदेवी महालक्ष्मी मंदिर पर माता रानी का दुधाभिषेक कर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया। यह भव्य आयोजन अग्रवाल पंचायत न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं ट्रस्टी विजय अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसके लाभार्थी अजय गर्ग थे। माता रानी को सोलह श्रृंगार की वस्तुएं महिला जैसीस की ओर से शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, नीलम मित्तल, कविता अग्रवाल ने भेंट की। वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश गोयल, भाजपा महामंत्री जगदीश पांचाल, पूर्व ट्रस्टी जगदीश गोयल, विजय अग्रवाल, सीए संजय अग्रवाल, ट्रस्टी मधुर गर्ग, ट्रस्टी जयकिशन अग्रवाल अजीत मंगलम ने महाआरती की। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, अशोक गोयल, डॉ नरेंद्र अग्रवाल राजेश ऑटो डील, किरण अग्रवाल, निहारिका गर्ग, रश्मि अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, रानी अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, शील अग्रवाल, बिंदु गर्ग, पूजा अग्रवाल, प्रिया मि

त्तल, अभिलाषा अग्रवाल, रंजीता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, रानू, निकिता गर्ग, मीना शाह, हेमलता अगवाल, गंगा अग्रवाल, शारदा गर्ग, मनोहर गर्ग, योगेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, रमेश शाह पूनम अग्रवाल, रेखा गर्ग सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। इस अवसर पर शानदार भजनों की प्रस्तुति और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया। जगदीश पांचाल के महामंत्री बनने पर उनका अभिनंदन भी किया गया। अंत में आभार अजय गर्ग ने माना।

# महालक्ष्मीजी के दरबार में 22 सितंबर से प्रारंभ होगा नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव



उज्जैन। अलखधाम नगर स्थित साईं मंदिर में महालक्ष्मीजी के दरबार में 22 सितंबर से नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा।

ट्रस्टी ओम बंसल और अनुप सिंघल ने बताया कि 22 सितंबर से साईं मंदिर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में नो दिन तक महालक्ष्मीजी का पूजन होगा। 9 दिनों तक महालक्ष्मीजी को नित्य नए वस्त्र, आभूषण धारण कराये जाएंगे। प्रतिदिन महाआरती होगी, हलवे का प्रसाद 9 दिनों तक वितरित होगा। प्रतिदिन आभूषण और पोषाक प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अग्रवाल 420 पापड़ वाले परिवार की ओर से माताजी को अर्पित की जाएगी। साईं समिति अध्यक्ष रमेश परवाल ने बताया कि प्रो. रेखा गुप्ता द्वारा माताजी का 9 दिनों तक श्रृंगार किया जाएगा। प्रेम यादव, राजकुमार सेठ, हेमेंद्र खंडेलवाल, पियूष मालवीय, सुरेंद्र मालवीय, दीपक बेलानी, मोहनलाल शाह, भरत पोरवाल, संजय सोडानी, मनोज दूधवानी सहित समस्त साईं भक्तों ने नौ दिनों तक आयोजित होने वाले नवरात्रि महोत्सव में माताजी के दर्शनलाभ लेकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com